दिन– सोमवार | दिनांक– 10 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी। बीस जिलों के एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्रों में कल डाले जायेंगे वोट।

02. दूसरे चरण में नीतीश सरकार के बारह मंत्रियों समेत कई दिग्गज चुनावी मैदान में। तीन करोड़ सत्तर लाख से अधिक मतदाता एक हजार तीन सौ दो प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का करेंगे फैसला।

03. मतदान को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध। नेपाल और पड़ोसी राज्यों से लगने वाली सीमाएं भी की गयी सील।

04. और, मौसम विभाग ने अगले तीन दिन के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर के कोहरे का पूर्वानुमान जताया।

---

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस चरण में बीस जिलों के एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्रों में कल मतदान होगा। इस दौरान पूर्वी और पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, नवादा, गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, कैमूर और रोहतास जिले में वोट डाले जायेंगे। इस चरण में तीन करोड़ सत्तर लाख से अधिक मतदाता एक हजार तीन सौ दो प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। इनमें एक सौ छत्तीस महिला प्रत्याशी शामिल हैं। अंतिम चरण के लिए पैंतालीस हजार तीन सौ निन्यानवे मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इनमें पांच सौ पंचानवे महिला कर्मी संचालित मतदान केंद्र और इक्कीस दिव्यांगजन संचालित पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। वहीं, तीन सौ सोलह आदर्श मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं। मतगणना चौदह नवम्बर को होगी।

---

दूसरे चरण में नीतीश कैबिनेट के बारह सदस्यों समेत कई दिग्गज चुनावी मैदान में हैं। और ब्योरा हमारे संवाददाता से

–––बाईट–––

जनता दल यूनाइटेड के प्रत्याशी और वयोवृद्ध नेता तथा राज्य के ऊर्जा मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव सुपौल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी और उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा मधुबनी जिले के झंझारपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में है। राज्य की पूर्व उपमुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री रेणु देवी भाजपा प्रत्याशी के रुप में बेतिया निर्वाचन क्षेत्र से जबकि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री नीरज सिंह बबलू छातापुर से चुनाव लड़ रहे हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार गया टाउन से भाजपा प्रत्याशी के रूप में आठवीं बार विधायक बनने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं जदयू प्रत्याशी और वरिष्ठ नेता लेशी सिंह धमदाहा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकीमंत्री सुमित कुमार सिंह जदयू प्रत्याशी के रूप में जमुई के चकाई विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार औरंगाबाद की कुटुंबा जबकि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी पूर्वी चंपारण जिले के गोविंदगंज निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। धर्मेंद्र कुमार राय के साथ दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार पटना

---

दूसरे चरण में एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों के साथ कई अन्य पार्टियां के उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में भाजपा के बावन, जदयू के पैंतालीस, लोजपा–रामविलास के पन्द्रह, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के छह और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के चार उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं, राजद के सत्तर, कांग्रेस के सैंतीस, वीआईपी के आठ, भाकपा–माले के पांच, सीपीआई के चार और सीपीएम के दो उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।

---

दूसरे चरण की प्रत्येक विधानसभा सीट पर दो –दो लाख से अधिक वोटर हैं। इस चरण में दस लाख इक्कीस हजार से अधिक मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। दूसरे चरण में क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र चैनपुर और सबसे छोटी भागलपुर है। वहीं, मतदाताओं की संख्या के हिसाब से सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र हिसुआ और सबसे छोटा मखदुमपुर है। इस चरण में नौ सौ तैंतालीस थर्ड जेंडर के वोटर भी हैं। विधानसभा की एक सौ बाईस सीटों में से उन्नीस अनुसूचित जाति और दो अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं।

---

दूसरे चरण के चुनाव में सुरक्षा कारणों से कई निर्वाचन क्षेत्रों के एक हजार दो सौ दो मतदान केन्द्रों पर वोटिंग के समय में कटौती की गयी है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अमित कुमार पांडेय ने बताया कि जमुई जिले के सभी चारों विधानसभा क्षेत्रों सिकंदरा, जमुई, झाझा और चकाई में मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक ही होगा। वहीं, कैमूर जिले के चैनपुर और नवादा जिले के रजौली तथा गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्रों में भी शाम पांच बजे तक ही वोट डाले जायेंगे। श्री पांडेय ने बताया कि कटोरिया, बेलहर, गोह, नबीनगर, कुटुम्बा, औरंगाबाद, रफीगंज, गुरूआ, शेरघाटी, इमामगंज, बाराचट्टी और बोधगया निर्वाचन क्षेत्रों में भी कुछ मतदान केन्द्रों पर भी शाम पांच बजे तक ही वोट डाले जायेंगे।

---

मतदाता वोटिंग के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र के अलावा बारह अन्य वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों में से किसी एक का उपयोग कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसर वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, आयुष्मान भारत के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, ड्राईविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, विशिष्ट दिव्यांगता आईडी कार्ड, और पासपोर्ट समेत अन्य पहचान पत्र शामिल हैं।

———————————————————

दूसरे चरण के चुनाव के दिन संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में सभी सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के कार्यालयों में सवैतनिक अवकाश रहेगा। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

———————————————————

निर्वाचन आयोग ने पूरी चुनावी प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए पटना स्थित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में एक अत्याधुनिक कंट्रोल एंड कमांड सेंटर बनाया है। नियंत्रण कक्ष का टेलीफोन नम्बर है– शून्य छह एक दो–दो आठ दो चार शून्य शून्य एक। फैक्स नम्बर है– शून्य छह एक दो– दो दो एक पांच छह एक एक। लोग चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत या सूचना इन नम्बरों पर दे सकते हैं। इसके अलावा ई–मेल आईडी– सीईओ बिहार एट द रेट जीमेल डॉट कॉम और सीईओ अंडर स्कोर बिहार एट द रेट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट आईएन पर भी सूचना दी जा सकती है। यह नियंत्रण कक्ष मतदान शुरू होने से लेकर मतदान समाप्त होने तक कार्यरत रहेगा। इसके अलावा सभी बीस जिला मुख्यालयों में भी कंट्रोल सेंटर बनाए गए हैं।

———————————————————

दूसरे चरण के मतदान के लिए सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रबंधन किये गये हैं। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि नेपाल से लगने वाली सीमा और उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा झारखंड से लगने वाली अंतर राज्य सीमाओं को सील कर चौकसी बढ़ा दी गई है।

———बाईट———

मधुबनी से हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस दौरान भारत और नेपाल के बीच जयनगर से जनकपुर के बीच चलने वाली मैत्री रेल सेवा का परिचालन भी स्थगित कर दिया गया है।

———बाईट———

हमारे अररिया संवाददाता ने बताया कि नेपाल से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों में तीन दर्जन से अधिक चिन्हित स्थानों पर सील पॉइंट सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

———बाईट———

---

निर्वाचन आयोग की टीम ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल के नेतृत्व में मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया। आयोग की अलग–अलग टीमों ने पहले चरण के सभी वज्रगृह का निरीक्षण भी किया। इस दौरान श्री गुंजियाल ने पटना के ए.एन. कॉलेज में बने वज्रगृह का निरीक्षण किया। ।

---

अब चुनाव से जुड़ी अन्य खबरें....

किशनगंज जिले में शांतिपूर्ण मतदान को लेकर प्रशासन अलर्ट है। लोगों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बहाली के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला।

---

गया जिले में मतदान को लेकर व्यापक इंतजाम किये गये हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर और वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने गया कॉलेज तथा मगध यूनिवर्सिटी में बनाये गए डिस्पैच सेंटर में आयोजित बैठक में मतदान दलों को आवश्यक निर्देश दिये।

---

सुपौल जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से गांधी मैदान से सदर अस्पताल तक मशाल जुलूस निकाला गया। इस दौरान लोगों से मतदान में शत–प्रतिशत भागीदारी करने की अपील की गई।

---

नवादा जिले के रजौली विधानसभा क्षेत्र के भानेखाप सुवरलेटी में जिला आइकॉन राहुल वर्मा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

---

पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के चलते प्रदेश में ठंड में धीरे–धीरे बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पिछले चौबीस घंटों के दौरान सबसे कम तेरह दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान गयाजी में दर्ज किया गया। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान अठारह डिग्री सेल्सियस

रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापामन में विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। इस दौरान राज्य के कुछ स्थानों पर सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने के आसार है।

---

पटना जिले के दानापुर के दियारा इलाके में अकिलपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक पुराने मकान की छत गिरने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में एक महिला और तीन बच्चे शामिल हैं। इधर, पश्चिम चम्पारण जिले के बगहा पुलिस जिला के डॉक्टर भीमराव आंबेडकर आवासीय विद्यालय सिधाव का छज्जा गिरने से तीन किशोर घायल हो गये। इनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने दूसरे और अंतिम चरण के चुनाव प्रचार समाप्त होने से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राज्य की एक सौ बाईस सीटों पर प्रचार थमा, मतदान कल।

दैनिक जागरण लिखता है– चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक दिग्गजों ने संभाले रखा मोर्चा।

दैनिक भास्कर ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हवाले से लिखा है– घुसपैठियों का वोट नहीं चाहिए, बाहर करेंगे।

प्रभात खबर राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के बयान को तरजीह देते हुये लिखता है– सभी परिवारों से एक–एक को सरकारी नौकरी।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– त्रिस्तरीय सुरक्षा में वज्रगृह में रखी ईवीएम।

आज अखबार की सुर्खी है– हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले का आगाज।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी। बीस जिलों के एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्रों में कल डाले जायेंगे वोट।

02. दूसरे चरण में नीतीश सरकार के बारह मंत्रियों समेत कई दिग्गज चुनावी मैदान में। तीन करोड़ सत्तर लाख से अधिक मतदाता एक हजार तीन सौ दो प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का करेंगे फैसला।

03. मतदान को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध। नेपाल और पड़ोसी राज्यों से लगने वाली सीमाएं भी की गयी सील।

04. और, मौसम विभाग ने अगले तीन दिन के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर के कोहरे का पूर्वानुमान जताया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।